रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)-78

REGISTERED No. D-(D)-78



CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
3 SEP 1978
INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 27, 1978 (ज्येष्ठ 6, 1900)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 27, 1978 (JYAISTHA 6, 1900)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a Separate Compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	527
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाए	697
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	499
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (I)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1137
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (II)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को (छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	1429
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	127
भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोकसेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च मंत्रालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	2927
भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	415
भाग III—खण्ड 3— मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1169
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	89

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	527
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	697
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders, and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	499
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories ..	1137
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other an the Administrations of Union Territories) ..	1429
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	127
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	2927
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	415
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1169
PART IV—Advertisements and Notices by Private individuals and Private Bodies	89

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1977

सं० 29-प्रेश/78—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्तव्य-परायणता अथवा साहस के कार्यों के लिए "वायुसेना मैडल"/"एयर फोर्स मैडल" सहर्ष प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :—

1. विंग कमांडर वीर इन्द्र सिंह (5040) उड़ान (पायलट)

विंग कमांडर वीर इन्द्र सिंह ने जुलाई, 1974 में एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली । इन्होंने 4000 घण्टों से भी अधिक समय की उड़ानें भरी और 1965 और 1971 के भारत-पाक संघर्षों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

विंग कमांडर वीर इन्द्र सिंह ने निजी सावधानी के कारण पिछले दो वर्षों में सुरक्षित हवाई उड़ान का उत्तम रिकार्ड बनाए रखा है । 1975 में, अन्तर-स्क्वाड्रन तोपखाना प्रतियोगिता के दौरान फ्रंट-गन फायरिंग तथा गोलाबारी में इनका स्क्वाड्रन सर्वोत्तम रहा । जब स्क्वाड्रन को एक परिवहन वायुयान अड्डे से वायुयानों की एक टुकड़ी का संचालन करने को कहा गया तो विंग कमांडर वीर इन्द्र सिंह ने इस काम को बहुत ही अच्छे ढंग से पूरा किया । विंग कमांडर वीर इन्द्र सिंह ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

2. स्क्वाड्रन लीडर सुदेश चन्द खुल्लर (5605) उड़ान (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर सुदेश चन्द खुल्लर सितम्बर, 1973 से एक अग्रिम लड़ाकू स्क्वाड्रन के सदस्य हैं । इस दौरान इन्होंने 464 घण्टों की उड़ाने भरी हैं । एक अनुभवी योग्यता प्राप्त फ्लाइंग इन्स्ट्रक्टर होने के नाते इन्होंने अधिकतर युवा पायलटों को प्रशिक्षण देने का काम किया, जिसके परिणामस्वरूप अब उस स्क्वाड्रन में संक्रियात्मक आधार पर काम करने के लिए तैयार किए गए पायलटों की संख्या काफी बढ़ गई है और यह पूरा स्क्वाड्रन इस समय उड़ान योग्यता क्रम में आता है । स्क्वाड्रन लीडर सुदेश चन्द खुल्लर के कार्यकाल के दौरान स्क्वाड्रन ने पांच टुकड़ियों का संचालन किया और प्रत्येक बार हाथ में लिए गए काम को बिना किसी दुर्घटना के पूरा किया । स्क्वाड्रन लीडर खुल्लर ने अब तक एक ही इंजिन के हवाई जहाज पर 4000 घण्टे की उड़ाने भरी हैं जिसमें से इन्होंने 1636 घण्टे नये पायलटों के प्रशिक्षण में लगाए हैं ।

स्क्वाड्रन लीडर सुदेश चन्द खुल्लर ने साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

3. स्क्वाड्रन लीडर शशि धरन पानीकर (6761) उड़ान (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर शशिधरन पानीकर जून, 1971 से छात्राधारी प्रशिक्षण स्कूल में एक स्टाफ इन्स्ट्रक्टर के रूप में काम कर रहे हैं । इस समय ये पैकेट वायुयानों के मास्टर ग्रीन वर्ग में हैं और इन्हें कमान परीक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त है । इन्होंने आपातकालीन उड़ाने जिस प्रकार भरी उनसे इनकी व्यावसायिक कुशलता का पता चलता है । 31 दिसम्बर, 1974 को एक ऐसे ही अवसर पर जब ये 20 यात्रियों और 2000 किलोग्राम सामान को वायुयान से ले जा रहे थे तब हवाई पट्टी से उड़ान भरते समय ये बड़े जोखिम में पड़ गए, क्योंकि हवाई पट्टी से कुछ ही फुट ऊपर इनका वायुयान कुछ खराबी के कारण अचानक डोलने लगा । स्क्वाड्रन लीडर पानीकर ने धैर्य और कुशलता से वायुयान को काबू में कर लिया और इस प्रकार एक भयंकर दुर्घटना होने से बच गई ।

स्क्वाड्रन लीडर पानीकर काफी अनुभवी इन्स्ट्रक्टर भी हैं । अपनी 5350 घण्टों की उड़ानों में से इन्होंने प्रशिक्षण देने के लिए 1450 घण्टों की उड़ानें की हैं ।

स्क्वाड्रन लीडर शशि धरन पानीकर ने साहस, व्यावसायिक दक्षता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

4. स्क्वाड्रन लीडर चेतन स्वरुप कटारिया (7605) उड़ान (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर चेतन स्वरुप कटारिया मई, 1974 से एक विशिष्ट संचार हेलीकाप्टर यूनिट के अफसर कमांडिंग हैं । इन्होंने 3300 घण्टों की दुर्घटना रहित उड़ानें भरी हैं और अनेक नये पायलटों को प्रशिक्षण देने और अपनी यूनिट का संक्रियात्मक स्तर काफी ऊंचा बनाने में ये काफी सहायक रहे । इन्होंने न केवल अपना कर्तव्य भलीभांति निभाया बल्कि 1975 में पंजाब और राजस्थान में अनेक बाढ़-ग्रस्त व्यक्तियों को बचाने में तथा बाढ़ राहत कार्यों में बड़ा योगदान दिया । इनकी असाधारण संगठनात्मक योग्यता मार्गदर्शन और सक्रिय निगरानी से 19 मास की अवधि में यूनिट ने बिना दुर्घटना के 3600 घण्टों की उड़ानें भरीं । इन्होंने अपनी यूनिट में, बिना किसी खर्च के, चेतक हेलीकाप्टर के लिए बैटरी द्वारा चालित सुवाह्य ईंधन-पुनर्भरण रिंग का विकास किया जो कि इनकी उल्लेखनीय उपलब्धि है ।

16 अक्तूबर, 1975 को स्क्वाड्रन लीडर कटारिया जब रात की प्रशिक्षण उड़ान पर थे तो इन्होंने देखा कि इनके हेलीकाप्टर के इंजिन में कुछ खराबी आ गई है जिसके कारण इंजिन टार्क पूरी तरह से नष्ट हो गया है और रोटर आर० पी० एम० में भारी कमी आ गई है । इन्होंने इस संकटपूर्ण स्थिति में धैर्य से काम लिया और हेलीकाप्टर को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना नीचे उतार लाये ।

स्क्वाड्रन लीडर चेतन स्वरुप कटारिया ने साहस, उच्च व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

5 स्क्वाड्रन लीडर विजय कुमार मोहोत्रा (8441) उड़ान (पायलट)

स्क्वाड्रन लीडर विजय कुमार मोहोत्रा को अप्रैल, 1964 में भारतीय वायु सेना में कमीशन दिया गया । इन्होंने 3010 घण्टे की दुर्घटना रहित उड़ाने भरी हैं, जिसमें से 2218 घण्टे की उड़ान हेलीकाप्टर पर की है । दिसम्बर, 1975 से ये एक हेलीकाप्टर यूनिट की कमान संभाले हुए हैं ।

23 मई, 1976 को स्क्वाड्रन लीडर मोहोत्रा ने 15,300 फुट ऊंचाई पर स्थित त्रिशूल बेस कैम्प से गम्भीर रूप से घायल एक पर्वतारोही को वहां से उठा लाने का कार्य संभाला । वहां पर्वतारोही दल द्वारा

बनाई गई हवाई पट्टी हेलीकाप्टर को सुरक्षित उतारने के लिए उपयुक्त न थी। लेकिन अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए स्क्वाड्रन लीडर मोहोला ने उस क्षेत्र की पूरी टोह ली और शीघ्र ही इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि यदि कैंप के एक टेंट को हटा दिया जाए तो हेलीकाप्टर उतारने के लिए जगह बन जाएगी। पर्वतारोही दल को इसकी सूचना दी गई और टेंट को हटा दिया गया। इसके बाद स्क्वाड्रन लीडर मोहोला ने हेलीकाप्टर को सुरक्षित नीचे उतारा और उस घायल पर्वतारोही को हेलीकाप्टर में रख कर सुरक्षित ले आए।

26 मई, 1976 को काफी लम्बी और दुर्गम उड़ान पूरी करने के बाद स्क्वाड्रन लीडर मोहोला को पुनः उत्तरी सीमा से लगे इलाके से गम्भीर रूप से घायल कुछ नागरिकों को उठा लाने के लिए कहा गया। ये दो अन्य हेलीकाप्टरों के साथ तत्काल घायलों के निकट स्थित हवाई पट्टी की ओर रवाना हो गए। इस बीच, चूंकि तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाने की सूचना दी जा चुकी थी और हेलीकाप्टर से उन्हें बचाने की आशा नहीं रही थी, अतः घायलों को कठिन और संकीर्ण पहाड़ी रास्ते से स्ट्रेचर द्वारा ले जाया जाने लगा था। घायलों को अच्छे अस्पताल में ले जाने की जरूरत को देखते हुए स्क्वाड्रन लीडर मोहोला ने घायलों को तट के लिए आवश्यक व्यवस्था जुटानी शुरु कर दी। इन्होंने अपने हेलीकाप्टर को तेज झकोरे देने वाली तेज हवा में पत्थरों से भरी हुई सूखी नदी में उतारा। इनकी असाधारण कुशलता और सूझबूझ ने इनकी यूनिट के पायलटों को प्रेरित किया।

इस सम्पूर्ण कार्रवाई में स्क्वाड्रन लीडर विजय कुमार मोहोला ने असाधारण साहस, उड़ान भरने की प्रवीणता और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

6. स्क्वाड्रन लीडर भंवर सिंह राठौर (8687) उड़ान (पायलट)।

स्क्वाड्रन लीडर भंवर सिंह राठौर को भारतीय वायु सेना में अगस्त, 1964 में कमीशन दिया गया। तब से इन्होंने 5600 घण्टों की उड़ानें भरी हैं, जिसमें अकेले एक वर्ष में 560 घण्टे की उड़ानें शामिल हैं। वायु सेना मुख्यालय संचार स्क्वाड्रन में अपने वर्तमान कार्यकाल के दौरान इन्होंने 2000 घण्टे की उड़ानें भरी जो कि अधिकतर महत्वपूर्ण व्यक्तियों के कार्यों के लिए की गई हैं। एच० एस०-748 वायुयान के संचालन में ये सर्वोच्च वर्ग तथा उड़ान योग्यता-क्रम में आते हैं। देशीन वायुयान उड़ाते हुए तीन बार इनके इंजन खराब हुए। तीनों बार स्क्वाड्रन लीडर राठौर अद्भुत साहस और उड़ान प्रवीणता का परिचय देते हुए वायुयान को सुरक्षित जमीन पर ले आए। 1971 के संघर्ष में इन्होंने फौज को पूर्वी क्षेत्र में पहुंचाने के लिए दिन-रात उड़ान भरी और 200 घण्टे की उड़ानें भर कर संघर्ष कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्क्वाड्रन लीडर भंवर सिंह राठौर ने साहस, उच्च व्यावसायिक कुशलता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

के० सी० मादप्पा, राष्ट्रपति के सचिव

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 मई 1978

सं० 4/1/78/पी० ए० सी०—लोक सभा तथा राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को लोक लेखा समिति में 30 अप्रैल, 1979 को समाप्त होने वाली कार्यावधि के लिए सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचित किया गया है।

लोक सभा के सदस्य

1. श्री हलीमुद्दीन अहमद
2. श्री बालक राम
3. श्री बृज राज सिंह
4. श्री सी० के० चन्द्रप्पन
5. श्री अशोक कृष्ण दत्त
6. श्री के० गोपाल
7. श्री कंवर लाल गुप्त
8. श्री विजय कुमार मल्होत्रा
9. श्री बी० पी० मंडल
10. श्री आर० के० म्हालगी
11. डा० लक्ष्मी नारायण पाण्डेय
12. श्री गौरी शंकर राय
13. श्री पी० वी० नरसिंह राव
14. श्री एम० सत्यनारायण राव
15. श्री वसंत साठे

राज्य सभा के सदस्य

16. श्री देवेन्द्र नाथ द्विवेदी
17. श्री एम० कादिरशाह
18. श्री सीताराम केसरी
19. डा० भाई महावीर
20. श्रीमती लीला दामोदरन मेनन
21. श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी
22. श्री ज्ञान चन्द तोतु।

2. अध्यक्ष महोदय, श्री पी० वी० नरसिंह राव को समिति का सभापति नियुक्त करते हैं।

एच० जी० परांजपे, मुख्य वित्तीय समिति अधिकारी

(प्राक्कलन समिति शाखा)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 12 मई 1978

सं० 4/1/ई० सी०/77—लोक सभा के निम्नलिखित सदस्यों को प्राक्कलन समिति में, 1 मई, 1978 से प्रारम्भ होने वाली तथा 30 अप्रैल, 1979 को समाप्त होने वाली कार्यावधि के लिए सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचित किया गया है।

1. श्री वी० अरुणाचलम
2. श्री यशवन्त बोरोले
3. श्री दिलीप चक्रवर्ती
4. श्री के० एस० चावडा
5. श्री तुलसीदास दासप्पा
6. श्रीमती मृणाल गोरे
7. श्री एस० नमजेश गौडा
8. श्रीमती वी० जयलक्ष्मी
9. श्री सरत कार
10. श्री बसन्त सिंह खालसा
11. श्री निहार लास्कर
12. श्री मही लाल
13. श्री मुख्तियार सिंह मलिक
14. श्री मृत्युंजय प्रसाद
15. श्री अमृत नाहाटा
16. श्री एम० एन० गोविन्दन नायर
17. श्री डी० बी० पाटिल
18. श्री एस० बी० पाटिल

19. श्री मोहम्मद शफी कुरेशी
20. श्री के० विजय भास्कर रेड्डी
21. डा० सरदीश राय
22. श्री एन० के० शेजवालकर
23. श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे
24. श्री गंगाभक्त सिंह
25. श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह
26. श्री उग्रसेन
27. श्री के० पी० उन्नी कृष्णन्
28. श्री शंकरसिंहजी वघेला
29. श्री रूप नाथ सिंह यादव
30. श्री विनायक प्रसाद यादव

अध्यक्ष महोदय, श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह को समिति का सभापति नियुक्त करते हैं ।

करतार सिंह भल्ला, मुख्य वित्तीय समिति अधिकारी

नई दिल्ली-110001, दिनांक 12 मई 1978

सं० 3/1/एस० सी० टी० सी०/78—लोक सभा तथा राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति में, 30 अप्रैल, 1979 को समाप्त होने वाली कार्यावधि के लिए सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचित किया गया है :—

सदस्य

लोक सभा

1. श्री टी० बाल कृष्णैया
2. श्री भागीरथ भंवर
3. श्री भारत सिंह चौहान
4. श्री सोमजी भाई डामोर
5. श्री वीरेन सिंह एंगती
6. श्री हुकम राम
7. श्री हुकम चन्द कछवाय
8. श्री बी० सी० काम्बले
9. श्री रामचन्द्र मलिक
10. श्री चरण नरजरी
11. श्री नथुनी राम
12. श्री नटवर लाल परमार
13. श्री के० प्रधानी
14. श्री बी० रचैया
15. श्री रामचरण
16. श्री रामधन
17. श्री अमर राय प्रधान
18. श्री पूर्ण नारायण सिन्हा
19. श्री सूरज भान
20. श्री भाउसाहिब थोरट

राज्य सभा

21. श्री भगवान दीन
22. श्री प्रेसनजित बर्मन
23. श्री बलराम दास
24. श्री श्रीमन् प्रफुल्ल गोस्वामी
25. श्रीमती सरोज खपारडे
26. श्री एस० कुमारन
27. श्री पी० के० कुंजाचन
28. डा० (श्रीमती) सथियावनी मुथु
29. श्री लियोनार्ड सोलोमन सारिंग
30. श्री प्रभु सिंह

2. अध्यक्ष महोदय श्री रामधन को समिति का सभापति नियुक्त करते हैं ।

यदुवंश सहाय, मुख्य विधायी समिति अधिकारी

(पी० यू० सांच)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 12 मई 1978

सं० 4(1)-पी० यू०/78—लोकसभा तथा राज्य सभा के निम्नलिखित सदस्यों को सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति में 30 अप्रैल, 1979 को समाप्त होने वाली कार्यावधि के लिये सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु निर्वाचित किया गया है :—

लोक सभा के सदस्य

1. श्री ओ० वी० अलगेसन
2. श्री मगन्ती अंकिनीडु
3. श्री ज्योतिर्मय बसु
4. श्रीमती चन्द्रावती
5. श्री त्रिदिब चौधरी
6. श्री हितेन्द्र देसाई
7. श्री अनन्त राम जायसवाल
8. श्री लखन लाल कपूर
9. श्री के० लक्कप्पा
10. श्री धर्मसिंह भाई पटेल
11. श्री राघवजी
12. श्री पदमचरण सामंतसिंहार
13. श्री भानु कुमार शास्त्री
14. डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी
15. श्री माधव प्रसाद त्रिपाठी

राज्य सभा के सदस्य

1. श्री एस० डब्ल्यू० धाबे
2. श्री के० एन० घुलप
3. श्री एच० बी० महिडा
4. श्री मुरासोली मारन
5. श्री देव राम पाटिल
6. श्री इरा सेझियान
7. श्री वीरेन्द्र जे० शाह

अध्यक्ष महोदय श्री ज्योतिर्मय बसु को समिति का सभापति नियुक्त करते हैं ।

त्रिलोक नाथ खन्ना, वरिष्ठ वित्तीय समिति अधिकारी

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 मई 1978

आदेश

स० 27/26/78-सी० एल० 2—कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 209 क की उपधारा (1) के खण्ड (II) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कथित धारा 209 क के उद्देश्यों के लिए प्रादेशिक निदेशक, कम्पनी विधि बोर्ड, कलकत्ता के कार्यालय में संयुक्त निदेशक, निरीक्षण श्री एस० बी० माथुर को प्राधिकृत करती है ।

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इस विभाग के 76-77 के आदेश संख्या 27/5/76-सी० एल० द्वारा श्री एस० बी० माथुर के पक्ष में प्रेषित प्राधिकरण को निरस्त करती है ।

एन० एल० पिल्ल, अवर सचिव

उद्योग मंत्रालय

(भारी उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 अप्रैल 1978

संकल्प

स० 17(221)/73-एच० ई० एम०—भारत सरकार ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा यूनिडो की सहायता से तिरुचि में वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। यह पूर्णरूप से प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित है और वेल्डिंग के अधिकांश पहलुओं पर व्यावहारिक कार्य (प्रेक्टिकल वर्क) किया जा सकता है। फिल्मों, क्लोज सर्किट टेलीविजन, आटोमेटिक स्लाइड प्रोजेक्शनों आदि के माध्यम से आधुनिक शिक्षण सुविधाएं शिक्षण में सहायता के रूप में उपलब्ध की गई हैं। इसमें परामर्शदायी सेवा प्रभाग, प्रदर्शन सेवा तथा प्रौद्योगिकी विकास स्थापित किया गया है । संस्थान राष्ट्रीय ख्याति का होगा। इस विचार पर अमल करने के उद्देश्य से सरकार ने संस्थान के कार्य को देखने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्षस्थ सलाहकार समिति की स्थापना की है निम्नलिखित विचारार्थ विषय हैं :—

1. वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान के उद्देश्यों की समीक्षा करना तथा उसका समय-समय पर अद्यतम करना ;
2. संस्थान द्वारा चलाए गये कार्यक्रमों की समीक्षा करना तथा भावी कार्यक्रम पर सलाह देना;
3. इसकी कार्यकुशलता बढ़ाने से संबंधित सभी मामलों पर अनुसंधान संस्थान को सलाह देना;
4. इस बात का सुनिश्चिय करना कि संस्थान तथा अन्य अनुसंधान संस्थानों के मध्य अन्तर कार्रवाई को उच्च स्तर पर बनाए रखा जाए तथा प्रौद्योगिकी अंतरों तथा उद्योगों की विशिष्ट समस्याओं को पूरा करना।

2. सलाहकार समिति में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :—

1. श्री वी० कृष्णामूर्ति, सचिव, भारी उद्योग विभाग, नई दिल्ली।
2. ब्रिगे० बी० जे० साहनी, सचिव, (तकनीकी विकास) तकनीकी विकास का महानिदेशालय, नई दिल्ली।
3. डा० ए० राम चन्द्रन सचिव, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, नई दिल्ली।
4. श्री एस० सी० डे, तकनीकी सलाहकार (वायलर) औद्योगिक विकास विभाग, नई दिल्ली।
5. डा० ए० के० गुप्त, महानिदेशक भारतीय मानक संस्था, नई दिल्ली।
6. डा० एम० आर० श्रीनिवासन, निदेशक, पावर प्रोजेक्ट इंजीनियरी डिवीजन, परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई।
7. श्री नरेश चन्द्र, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग, उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली ।
8. श्री ओ० एस० एस० राव, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, भारत हैवी प्लेट एण्ड वेसल्स लिमिटेड, विशाखापत्तनम।
9. श्री एस० वी० नादकर्णी, मुख्य तकनीकी कार्यकारी, आडवाणी और लिकन लिमिटेड, बम्बई।
10. श्री एन० एस० शेषाद्री, उत्पादन प्रबंधक, लारसेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, बम्बई।
11. श्री रोगर पोल्गर रेजीडेंट प्रतिनिधि, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, नई दिल्ली।
12. श्री आई० एम० पश्रीक प्रेसीडेंट, भारतीय वेल्डिंग संस्थान, 48/1, डायमंड हार्बर रोड, कलकत्ता-700027।
13. डा० एस० रामचन्द्रन निदेशक (अनुसंधान तथा विकास) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, रांची।
14. डा० एच० एन० शरन, निदेशक (इंजीनियरी) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली।
15. श्री वी० आर० दीनदयालु, कार्यकारी निदेशक एवम् ग्रुप महाप्रबन्धक, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, तिरुचिरापल्ली।
16. श्री आर० कृष्णामूर्ति, संयोजक, परियोजना समन्वयक, वेल्डिंग अनुसंधान संस्थान, तिरुचिरापल्ली ।

आदेश

आदेश दिया जाता है इस संकल्प की एक-एक प्रति सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

नरेश चन्द्र, संयुक्त सचिव

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 8 मई 1978

संकल्प

सं० वी० 17020/25/77-एम० ई० (पी० जी०)—13 मई 1977 के संकल्प संख्या वी० 17020/25/77-एम० ई० (पी० जी०) का पालन करते हुए भारत सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने उक्त में निर्दिष्ट विचारार्थ विषय में उल्लिखित विभिन्न बातों के बारे में जांच करने संकल्प और रिपोर्ट देने के लिए डा० के० नागप्पा अल्वा का एक सदस्यीय आयोग नियुक्त किया था और इस आयोग को अपनी रिपोर्ट 30 सितम्बर 1977 तक केन्द्रीय सरकार को पेश करनी थी।

30 सितम्बर, 19 दिसम्बर, 1977, 18 जनवरी, 1978 और 9 फरवरी, 1978 के संकल्प संख्या बी० 17020/25/77-एम० ई० (पी० जी०) के अनुसरण में इस आयोग की अवधि को 28 फरवरी, 1978 तक बढ़ाया गया था। भारत सरकार ने यह निर्णय किया है कि यह आयोग केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट अधिक से अधिक 31 मई, 1978 तक प्रस्तुत कर देगा।

आदेश

आदेश है कि यह संकल्प आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

का० रा० कृष्ण मूर्ति संयुक्त सचिव

नई दिल्ली दिनांक 28 अप्रैल 1978

सं० जेड, 28015/118/77-एच०—विलिंगडन अस्पताल और नर्सिंग होम तथा लेडी हार्डिंग अस्पताल का तत्काल नीचे लिखे अनुसार नाम बदलने का निर्णय किया गया है :

पुराना नाम	नया नाम
(1) विलिंगडन अस्पताल और नर्सिंग होम, नई दिल्ली।	डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल और उपचर्या गृह, नई दिल्ली।
(2) लेडी हार्डिंग अस्पताल नई दिल्ली।	श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली।

राजकुमार जिन्दल, अवर सचिव

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक मार्च 1978

सं० 18-6/70-एल० डी०-1—पशु-क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (1960 का 59) की धारा 38 की उप-धारा (2) के खण्ड (ज) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, जोकि उक्त धारा की अपेक्षानुसार पहले प्रकाशित किए गए थे, अर्थात् :—

पशु परिवहन नियम, 1978

अध्याय-1

1. **संक्षिप्त नाम**—इन नियमों का संक्षिप्त नाम पशु परिवहन नियम, 1978 है।

2. **परिभाषा**—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) अर्हत पशु चिकित्सक से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके पास किसी मान्यता प्राप्त पशुचिकित्सा महाविद्यालय का कोई डिप्लोमा या उपाधि हो,

(ख) "अनुसूची" में इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है।

अध्याय-2

कुत्तों तथा बिल्लियों का परिवहन

3. नियम 4 से लेकर नियम 14 तक सभी नस्लों के कुत्तों और बिल्लियों के परिवहन को लागू होंगे, चाहे उनका परिवहन रेल, सड़क, अन्तर्देशी जल मार्ग, समुद्र या वायु मार्ग से किया जाए।

4. (क) किसी अर्हत पशु चिकित्सक से इस आशय का एक विधिमान्य प्रमाण-पत्र, कि कुत्ते तथा बिल्लियां रेल, सड़क, अंतर्देशी जल मार्ग समुद्र या वायु मार्ग से यात्रा करने की ठीक दशा में हैं और इन पर रेबीज रोग सहित संक्रामक या छूत के रोग के कोई निशान नहीं दिखाई देते हैं, प्रत्येक परेषण के साथ होगा और यह प्रमाण पत्र अनुसूची-क में विनिर्दिष्ट प्रारूप में होगा।

(ख) ऐसे प्रमाण-पत्र के अभाव में वाहक परिवहनार्थ परेषण को स्वीकार करने से इंकार कर देगा।

5. गर्भ की परिपक्व अवस्था में किसी कुत्ते या बिल्ली का परिवहन नहीं किया जाएगा।

6. (क) एक ही आधान में परिवहन किये जाने वाले कुत्ते या बिल्ली एक ही जाति और नस्ल के होंगे।

(ख) कुत्तों के दूध पीने वाले पिल्ले या बिल्ली के बच्चे अपनी मां के अलावा अन्य वयस्क कुत्तों या बिल्लियों के साथ नहीं भेजे जायेंगे।

(ग) कोई कानोन्मादी कुतिया या बिल्ली किसी कुत्ते या नर बिल्ली के साथ नहीं भेजी जायेगी।

7. (क) कोई कुत्ता या बिल्ली, जो क्रोधी या चिड़चिड़े स्वभाव का बताया गया हो, अकेले एक पिंजरे में, मुंह बंद करके और एक ऐसा लेबल चिपका कर के भेजा जाएगा जिससे कि उन्हें सम्भालने वालों को चेतावनी मिलती रहे।

(ख) गम्भीर मामलों में कुत्ते या बिल्लियों का उपचार किसी अर्हत पशु चिकित्सक द्वारा औषधि से किया जाएगा।

8. (1) यदि कुत्ते या बिल्लियों का लम्बी दूरी तक परिवहन किया जाना हो तो :—

(क) उन्हें परिवहन करने से कम से कम दो घण्टे पहले खाना और पानी दिया जाएगा और यदि ये भूखे या प्यासे हों तो परिवहन के लिए उन्हें पैक नहीं किया जाएगा,

(ख) उन्हें प्रेषण से पहले यथा सम्भव देर से नित्यकर्म से निवृत्त किया जाना चाहिए,

(ग) उन्हें गर्मियों में प्रत्येक चार घंटे पर और जाड़ों में प्रत्येक छह घण्टे पर पीने के लिए पर्याप्त पानी दिया जाएगा,

(घ) परेषकों के निदेशानुसार (यदि कोई हो), वयस्क कुत्तों या बिल्लियों को बारह घण्टों में एक बार, कुत्तों के पिल्लों और बिल्ली के बच्चों को चार घण्टों में एक बार, खाना दिया जाएगा,

(ङ) यात्रा के दौरान उनकी देख-भाल और व्यवस्था के लिए पर्याप्त प्रबंध किया जाएगा।

(2) यदि कुत्ते या बिल्लियों का रेल द्वारा परिवहन किया जाना हो, जो कि 6 घण्टे से अधिक की यात्रा हो, तो उनके साथ एक अनुचार उन्हें रास्ते में खाना और पानी देने के लिए जाएगा और यह अनुचार इस प्रयोजन के लिए सभी स्टेशनों पर कुत्तों या बिल्लियों के पास तक पहुंच सकेगा और कुत्ते या बिल्ली को इस प्रकार नहीं रखा जाएगा कि ऐसी यात्रा के दौरान उसे हवा के सीधे झोंके लगते रहें।

9. यदि कुत्तों या बिल्लियों को किसी सार्वजनिक यान में सड़क मार्ग से थोड़ी दूरी के लिए भेजा जाना हो तो निम्नलिखित सावधानी बरती जानी चाहिए, अर्थात् :—

(क) उन्हें एक पिंजरे में रखा जाए, और कुत्ते या बिल्लियों वाले पिंजरे को यान की छत पर न रखा जाए, परन्तु उन्हें यान के अन्दर, विशेषकर यान के पिछले किनारे के पास रखा जाए,

(ख) कुत्तों या बिल्लियों का परिवहन करने वाले यान को यथा सम्भव एक समान गति रखनी चाहिए। यान को एक दम रोकना नहीं चाहिए और उन पर धक्कों और झटकों का प्रभाव कम से कम पड़ना चाहिए,

(ग) परिवहन के दौरान सारे समय कम से कम एक अनुचार अवश्य उपस्थित रहे जो इस बात को सुनिश्चित करे कि परिवहन संबंधी समुचित शर्तों का पालन किया गया है और आवश्यकतानुसार भोजन तथा पानी की भी पूर्ति कर दी गई है।

10. यदि कुत्तों या बिल्लियों का वायु मार्ग द्वारा परिवहन किया जाना हो तो :—

(क) पिंजरों में कुत्तों या बिल्लियों को रखने से पहले उन्हें उचित रूप से साफ किया जाएगा और रोगाणु नष्ट किए जाएंगे,

(ख) बिल्लियों के लिए आराम सामग्री के रूप में पिंजरों में पर्याप्त धान की भूसी या चिरी हुई लकड़ी का बुरादा या कागज की कतरनों की व्यवस्था की जाएगी,

(ग) अंतर्राष्ट्रीय परिवहन के लिए कुत्तों या बिल्लियों को नियमित तापक्रम के साथ दाबानुकूलित कक्ष में रखा जाएगा।

11. कुत्तों और बिल्लियों के परिवहन वाले क्रेटों का आकार तथा प्रकार स्पष्ट रूप से क्रमशः अनुसूची "ख" और अनुसूची "ग" में विनिर्दिष्ट आकार और प्रकार के यथा सम्भव अनुरूप होगा।

12. कुत्तों या बिल्लियों के सब आधानों पर स्पष्ट रूप से लेबल लगा हुआ होगा और उस पर परेषक का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर (यदि कोई हो) लिखा हुआ होगा।

13. परेशिती को रेल गाड़ी या वाहन के पहुंचने का समय, या फ्लाइट नम्बर और फ्लाइट पहुंचने का समय पहले से ही सूचित किया जाएगा।

14. रेल या सड़क मार्ग द्वारा परिवहन किए जाने वाले कुत्ते या बिल्लियों का परेषण अगली पैसेंजर या मेल ट्रेन या बस से बुक किया जाएगा और परेषक की बुकिंग स्वीकार करने के पश्चात उसे रोका नहीं जाएगा।

अध्याय-3

बन्दरों का परिवहन

15. नियम 16 से नियम 23 तक बन्दरों के पकड़ने के क्षेत्र से लेकर निकटतम रेल शीर्ष तक सभी प्रकार के बन्दरों के परिवहन को लागू होंगे।

16. (क) किसी अर्हत पशु-चिकित्सक से इस आशा का एक विधिमान्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र कि बन्दर पकड़ने के क्षेत्र से लेकर निकटतम रेल-शीर्ष तक यात्रा करने के लिए ठीक दशा में है और उन पर संक्रामक या छूत रोग के कोई चिह्न नहीं दिखाई देते हैं, प्रत्येक परेषण के साथ होगा।

(ख) ऐसे प्रमाण पत्र के अभाव में वाहक परिवहनार्थ परेषण को स्वीकार करने से इंकार कर देगा।

(ग) यह प्रमाण पत्र अनुसूची "घ" में विनिर्दिष्ट प्रारूप में होगा।

17. (1) संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए, एक क्षेत्र से पकड़े गए बन्दरों को दूसरे क्षेत्र के बन्दरों के साथ नहीं मिलाया जाएगा।

(2) पकड़ने के क्षेत्र से लेकर निकटतम रेल शीर्ष तक के परिवहन का समय यथासम्भव कम से कम होगा और जिन कारणों से बंदरों पर कोई भार पड़ता हो उन्हें कम से कम किया जायेगा।

(3) यदि यात्रा का समय छह घण्टे से अधिक हो तो रास्ते में बन्दरों को खाना खिलाने और पानी पिलाने की व्यवस्था की जाएगी।

(4) परिवहन के दौरान, सख्त मौसम की दिशाओं से बन्दरों की सुरक्षा करने के लिए सावधानी बरती जाएगी और जो बन्दर रास्ते में मर जाएंगे उन्हें यथाशीघ्र हटा दिया जाएगा।

18. जिन बंदरों ने पूर्ण रूप से दूध नहीं छोड़ा है, अर्थात् जो भार में 1.8 किलोग्राम से कम है, उनका परिवहन नहीं किया जाएगा, जब तक कि केन्द्रीय सरकार ने विनिर्दिष्टतः इसकी अनुमति न दी हो।

19. (क) गर्भवती और दूध पिलाने वाली बन्दरियों का परिवहन नहीं किया जाएगा, जब तक कि केन्द्रीय सरकार ने विनिर्दिष्टतः इसकी अनुमति न दी हो।

(ख) गर्भवती और दूध पिलाने वाली बन्दरियों तथा 5 किलोग्राम से अधिक भार के बन्दरों का पिंजरों में परिवहन किया जाएगा।

20. एक ही पिंजरे के सब बन्दर एक ही जाति और लगभग एक ही भार और आकार के होंगे।

21. अपने प्राकृतिक आवास स्थल के भीतर पकड़े गए बन्दर नये, निर्जमित अथवा पूर्ण रूप से साफ किए गए पिंजरों में रखे जाएंगे और इनका पश्चात्वर्ती स्थानान्तरण भी, यदि कई हो, नये निर्जमित या पूर्ण रूप से साफ किए गए पिंजरों में किया जाएगा।

22. बंदरों का परिवहन, पकड़ने के क्षेत्र से लेकर निकटतम रेल-शीर्ष तक अधिक से अधिक द्रुतगामी वाहन से जो उपलब्ध हो, किया जाएगा और यात्रा के दौरान किसी भी समय बन्दरों को अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

23. (1) (क) बंदरों को लकड़ी या बांस के उचित पिंजरों में भेजा जाएगा जो इस प्रकार से बने हों कि उनसे बंदर निकलकर भाग न सके, परन्तु उनमें संवातन के लिए पर्याप्त हवा का आना जाना बना रहे।

(ख) पिंजरों के बाहर या बन्दर कोई कील, बाहर निकले हुए धातु के भाग या धारदार किनारे नहीं होने चाहिए।

(ग) प्रत्येक पिंजरे में पानी तथा खाने के पर्याप्त बर्तन होंगे, जो रिसने वाले न हों और जिन्हें परिवहन के दौरान साफ किया जा सके और भरा जा सके।

(2) पिंजरों के फर्श बांस के रिपरों के बने होंगे और प्रत्येक रिपर के बीच का स्थान 20 मि० मी० और 30 मि० मी० के बीच होगा।

(3) इन पिंजरों को बुलाई की सुविधा के लिए पिंजरों के ऊपरी चारों किनारों पर रस्सी के फंदों की व्यवस्था की जाएगी।

(4) भरे हुए किसी भी पिंजरे का भार 45 किलोग्राम से अधिक नहीं होगा।

(5) पिंजरों के निम्नलिखित दो आकारों का उपयोग किया जाएगा :—

(क) 910 × 760 × 510 मि० मी० :—इनमें प्रत्येक 1.8 और 3.0 किलोग्राम के बीच के अधिक से अधिक 12 बन्दर अथवा प्रत्येक 3.1 और 5.00 किलोग्राम के बीच के अधिक से अधिक 10 बन्दर रखे जाएंगे।

(ख) 710 × 710 × 510 मि० मी०:—इनमें प्रत्येक 1.8 और 3.0 कि० ग्राम के बीच के अधिक से अधिक 10 बंदर अथवा प्रत्येक 3.1 और 5.0 कि० ग्रा० के बीच के अधिक से अधिक आठ बंदर रखे जाएंगे, परन्तु बंदरों के पकड़े जाने वाले क्षेत्र से लेकर निकटतम रेल शीर्ष तक बंदरों को ले जाने के लिए, इन नियमों की अनुसूची (ङ) में विनिर्दिष्ट लकड़ी के पिंजरों का भी उपयोग किया जा सकेगा।

(6) दोनों प्रकार के पिंजरों के निर्माण का ब्यौरा अनुसूची "ङ" में दिया गया है।

24. नियम 25 से लेकर नियम 32 तक बंदरों के एक रेल शीर्ष से दूसरे रेल शीर्ष तक अथवा एक रेल शीर्ष से निकटतम हवाई अड्डे तक के परिवहन को लागू होंगे।

25. (क) बंदरों को चढ़ाने तथा उतारने का काम शीघ्र और दक्षता के साथ किया जाएगा।

(ख) पिंजरे इस ढंग से लादे जाएंगे कि इनमें संवातन की पर्याप्त व्यवस्था रहे और बन्दर खिचाव और प्रत्यक्ष गर्मी या ठंड से बचे रहें।

(ग) जो बंदर मरे पाये जाएंगे उन्हें उचित निपटान के लिए शीघ्र हटा दिया जाएगा।

26. परिवहन के पिंजरे नियम 23 में दिये गये विनिर्देशों के अनुसार होंगे।

27. (1) यात्रा के लिए परेषक द्वारा खाद्य तथा जल के पर्याप्त प्रदाय की उचित व्यवस्था की जाएगी।

(2) यदि यात्रा 6 घंटे से अधिक की हो रास्ते में बंदरों को खाना, जल और अन्य चीजों की सप्लाई करने के लिए उनके साथ एक अनुचार होने और रास्ते में सभी स्टेशनों पर बंदरों को खिलाने, पानी पिलाने और उन पर ध्यान देने के लिए उस अनुचर की उनके पास एक पहुंच रहेगी ।

(3) खाने और पानी के बर्तनों की कम से कम प्रत्येक 6 घंटे में जांच की जाएगी और उन्हें आवश्यकतानुसार भरा जाएगा ।

(4) बंदरों को रात में परेशान नहीं किया जाएगा ।

28. एक पिंजरे के ऊपर एक से अधिक पिंजरा नहीं रखा जाएगा, और यदि एक पिंजरा दूसरे पिंजरे के ऊपर रखा गया है तो दो पिंजरों के बीच टाट के बारे रखे जाएंगे ।

29. बंदर हवाई अड्डे पर काफी समय पहले लाए जाएंगे ।

30. वायुयान पर चढ़ाये जाने से ठीक पहले बंदरों को खाना तथा पानी दिया जाएगा ।

31. (क) पिंजरों पर स्पष्ट रूप से लेबल लगा हुआ होगा, जिस पर परेषक और परेषिती का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर (यदि कोई हो) मोटे लाल अक्षरों में लिखा होगा ।

(ख) परेषिती को उस रेल गाड़ी की, जिसमें बंदर भेजे जा रहे हैं, और उसके पहुंचने के समय की पहले से ही सूचना दी जाएगी ।

(ग) परिवहन किये जाने वाले बंदरों का परेषण अगली पैसेंजर या मेल गाड़ी से बुक किया जाएगा और परेषण को बुकिंग के लिए स्वीकार करने के पश्चात उसे रोका नहीं जाना चाहिए ।

32. (क) किसी अर्हत पशु-चिकित्सक से इस आशय का एक विधिमान्य प्रमाण पत्र कि बंदर निकटतम रेल शीर्ष से दूसरे शीर्ष तक अथवा एक रेल शीर्ष से निकटतम हवाई अड्डे तक यात्रा करने के लिए ठीक दशा में है और उन पर संक्रमाक या छूत के रोग के कोई चिह्न दिखाई देते हैं, प्रत्येक परेषण के साथ होगा ।

(ख) ऐसे प्रमाण-पत्र के अभाव में वाहक परिवहनार्थ परेषण को स्वीकार करने से इंकार कर देगा ।

(ग) यह प्रमाण-पत्र अनुसूची "घ" में विनिर्दिष्ट प्रारूप में होगा ।

33. नियम 34 से नियम 45 तक बंदरों का वायुयान द्वारा परिवहन करने को लागू होंगे ।

34. परिवहन का समय यथा सम्भव कम से कम होगा और, जिन कारणों से बंदरों पर कोई भार पड़ता हो उन्हें कम से कम किया जाएगा ।

35. जिन बदरों ने पूर्ण रूप से दूध नहीं छोड़ा है, अर्थात् जो बंदर भार में 1.8 किलोग्राम से कम है, उनका परिवहन नहीं किया जाएगा, जब तक कि केन्द्रीय सरकार ने विनिर्दिष्टतः इसकी अनुमति न दी हो ।

36. गर्भवती और दूध पिलाने वाली बंदरियों का परिवहन नहीं किया जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार ने विनिर्दिष्ट इसकी अनुमति न दी हो । गर्भवती और दूध पिलाने वाली बंदरियों का और जिन बंदरों का भार 5 किलो ग्राम से अधिक हो उनका परिवहन विशेष रूप से बने हुए अलग-अलग पिंजरों में किया जाएगा ।

37. एक ही पिंजरे के सब बंदर एक ही जाति और लगभग एक ही भार तक आकार के होंगे ।

38. (1) रोग-संक्रमण के खतरे की दृष्टि से केवल एक ही जाति के बन्दर वायुयान के एक केबिन या कक्ष में भेजे जायेंगे।

(2) प्रत्यक्ष रूप से बीमार या अपंग बन्दरों को, जिन पर चोट के बाहरी चिह्न हों, अथवा जिन पर परिजीवियों का पर्याक्रमण हो, परिवहन नहीं किया जायेगा।

(3) अन्य जातियों के पशुओं, पक्षियों, मछलियों, खाद्य सामग्री अथवा कृमिनाशी और कीटनाशक औषधियों जैसी विषैली सामग्री को एक ही केबिन या कक्ष में भेजने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

39. (1) परिवहन के दौरान किसी भी समय बन्दर, जब उनका परिवहन माल ढोने वाले विमान में किया जा रहा हो तब अकेले नहीं छोड़े जायेंगे ।

(2) जब वायुयान जमीन पर रहे तब हर समय कम से कम एक अनुचर उपस्थित होना चाहिये ।

40. (1) बन्दरों को लकड़ी के उचित पिंजरों में भेजा जायेगा, जो इस प्रकार के बने हों कि उनसे बन्दर निकलकर भाग न सके और उनमें संवातन के लिये पर्याप्त हवा का आना जाना बना रहे । ऐसे पिंजरों के अन्दर या बाहर कोई कील, बाहर निकले हुए धातु के भाग या धारदार किनारे नहीं होंगे। प्रत्येक पिंजरे में पानी और खाने के ऐसे बर्तन होंगे, रिसने वाले न हों और जिनमें परिवहन के दौरान साफ किया जा सके । विष्ठा की ट्रे में बुरादा उचित अवशोषक सामग्री रखी जायेगी ।

(2) भरे हुए एक पिंजरे का भार किसी भी हालत में 45 किलोग्राम से अधिक नहीं होगा ।

(3) पिंजरों के निम्नलिखित दो आकार प्रयोग में लाये जायेंगे:—

(क) 460×460×460 मि० मी०—इनमें प्रत्येक 1.8 से 3.0 किलोग्राम तक के भार के अधिक से अधिक पांच बन्दर अथवा प्रत्येक 3.1 से 5.0 किलोग्राम तक के भार के अधिक से अधिक चार बन्दर रखे जायेंगे, और

(ख) 760×530×460 मि० मी०—इनमें प्रत्येक 1.8 से 3.0 कि० ग्रा० तक के भार के अधिक से अधिक दस बन्दर अथवा 3.1 से 5.0 कि० ग्राम तक के भार के अधिक से अधिक आठ बन्दर रखे जायेंगे ।

(40) (4) दोनों प्रकार के पिंजरों के निर्माण का ब्यौरा अनुसूची 'च' में दिया गया है ।

(5) गर्भवती और दूध पिलाने वाली बन्दरियों के परिवहन के लिये उपयोग में लाये जाने वाले दोनों प्रकार के पिंजरों के निर्माण का ब्यौरा अनुसूची 'छ' में दिया गया है ।

41. (क) पिंजरों पर स्पष्ट रूप से लेबल लगा हुआ होगा, जिस पर परेषक और परेषिती का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर (यदि कोई हो) मोटे लाल अक्षरों में लिखा होगा।

(ख) परेषिती को माल ढोने वाले उस वायुयान के फ्लाइट नम्बर, जिसमें बन्दरों को भेजा जा रहा है और उसके पहुंचने के समय को पहले से ही सूचना दी जायेगी।

(ग) परिवहन किये जाने वाले बन्दरों का परेषण माल ढोने वाले वायुयान की अगली फ्लाइट में बुक किया जायेगा और परेषण की बुकिंग के लिये स्वीकार करके के पश्चात् उसे रोका नहीं जाना चाहिये ।

42. (1) किसी अर्हत पशु चिकित्सक से इस आशय का एक विधिमान्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र कि बन्दर वायुयान से यात्रा करने के लिये ठीक है और उन पर संक्रमांक तथा छूत के रोग के कोई चिह्न नहीं दिखाई देते है, बन्दरों के प्रत्येक परेषण के साथ होगा।

(2) ऐसे प्रमाण-पत्र के अभाव में वाहक नोवहन के लिये परेषण को स्वीकार करने से इन्कार कर देगा ।

(3) उप नियम (ज्ञ) के अन्तर्गत दिये जाने वाले प्रमाण पत्र का प्रारूप अनुसूची 'घ' में दिया गया है ।

43. (1) हवा एक घण्टे में कम से कम बारह बार बदली जायेगी और हवा के झोंके बचाये जायेंगे तथा हवा कहीं भी रोकी नहीं जायेगी।

(2) सिवाये जब के जब बन्दरों को खाना और पानी दिया जा रहा था वे आधे अंधेरे में यात्रा करेंगे, ताकि वे शान्त रह सकें और उनमें लड़ने झगड़ने की प्रवृत्ति कम रहे तथा इस प्रकार उन्हें आराम करने के लिये बेहतर मौके मिल सकें ।

44 रुकने के प्रत्येक स्थान पर खाने तथा पानी के बर्तनों की जांच की जायेगी और उन्हें आवश्यकतानुसार भरा जायेगा और वायुयान में तथा रुकने के संभावित स्थानों में खाने का पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध रहेगा ।

टिप्पणी:—प्रत्येक बन्दर को प्रतिदिन लगभग 85 ग्राम भोजन की आवश्यकता होती है। उनके लिये उचित खाना सूखा अनाज या चना है। यह सिफारिश की जाती है कि उन्हें साबुत चने के बिस्कुट या गेहूं के आटे की रोटी खिलाई जाये। प्रत्येक बन्दर को प्रति दिन कम से कम 140 मि० लि० पानी दिया जाना चाहिये ।

45. ऐसे बन्दरों को रखने के लिये, जो यात्रा के दौरान बीमार हो जायें अथवा चोट खा जायें, माल ढोने वाले वायुयान में सामान्य आकार के एक खाली पिंजरे को, जिसके पार्श्व ढके हुए हों (सिवाय इसके कि पिंजरे का ऊपरी 50 मि० मी० स्थान संवातन के लिये खुला होना चाहिये), व्यवस्था होनी चाहिये ।

अध्याय 4

पशुओं का परिवहन

46. नियम 47 से नियम 56 तक गायों, सांडों, बैलों, भैंसों, याकों और बछड़ों का (जिन्हें इसके पश्चात् इन नियमों में "पशु" कहा गया है) रेल या सड़क द्वारा किये जाने वाले परिवहन को लागू होंगे।

47. (क) किसी अर्हत पशु चिकित्सक से इस आशय का विधिमान्य प्रमाण पत्र, कि पशु रेल या सड़क द्वारा यात्रा करने के लिये ठीक दशा में है और वे किसी संक्रामक या छूत या परजीवी जीवाणु रोग से पीड़ित नहीं है तथा उन पर पशु प्लेग एवं अन्य किसी संक्रामक या छूत या परजीवी जीवाणु के रोग या रोगों के टीके लगाये गये हैं, प्रत्येक परेषण के साथ होगा।

(ख) ऐसे प्रमाण पत्र के अभाव में वाहक परिवहनार्थ परेषण को स्वीकार करने से इन्कार कर देगा ।

(ग) यह प्रमाण पत्र अनुसूची "ज" में विनिर्दिष्ट प्रारूप में होगा ।

48. पशुओं के सभी समूहों के साथ पशु चिकित्सा प्रथमोचार के उपकरण होंगे ।

49. (क) प्रत्येक परेषण पर एक लेबल लगा हुआ होगा, जिस पर परेषक और परेषती का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर (यदि कोई हो), परिवहन किये जा रहे पशुओं की संख्या तथा उनकी किस्म और दिये जाने वाले राशन तथा भोजन की मात्रा मोटे लाल अक्षरों में लिखी जायेगी ।

(ख) परेषिती को उस रेलगाड़ी या यान की, जिस में पशुओं के परेषण को भेजा जा रहा है और उसके पहुंचने के समय की पहले से ही सूचना दी जायेगी।

(ग) पशुओं का परेषण अगली रेलगाड़ी या यान से बुक किया जायेगा और परेषण को बुकिंग के लिये स्वीकार करने के पश्चात् उसे रोका नहीं जायेगा ।

50. रेल वैगन या यान में प्रत्येक पशु के लिये निश्चित किया जाने वाला औसत स्थान दो वर्गमीटर से कम नहीं होगा ।

51. (क) पशुओं को यानों में लादने या यानों से उतारने के लिये उचित रैम्पों या प्लेटफार्मों का प्रयोग किया जायेगा ।

(ख) यदि प्लेटफार्म पर लादने या उतारने का कार्य किया जा रहा हो तो रेल वैगन की दशा में, उस के गिराये गये दरवाजे का रैम्प के रूप में प्रयोग किया जा सकेगा ।

52. पशुओं को उचित रूप से खाना और पानी देने के पश्चात् ही लादा जायेगा ।

53. जिन पशुओं का गर्भ परिपक्व अवस्था का हो वे युवा पशुओं के साथ नहीं मिलाये जायेंगे, जिस से वे परिवहन के दौरान भगदड़ से बचे रह सकेंगे ।

54. (1) रास्ते में जल की व्यवस्था की जायेगी और आपात स्थिति के लिये जल की पर्याप्त मात्रा ले जाई जायेगी ।

(2) यात्रा के दौरान पर्याप्त भोजन तथा चारा, और उसका काफी स्टाक साथ में ले जाया जायेगा ।

(3) संचालन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी ।

55. रेल द्वारा परिवहन किये जाने वाले पशुओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित व्यवस्था रहेगी:—

(क) एक साधारण माल वैगन में ब्रॉड गेज पर दस वयस्क पशुओं या पन्द्रह बछड़ों से अधिक नहीं ले जाये जायेंगे, मीटर गेज पर छह वयस्क पशुओं से या दस बछड़ों से या छह बछड़ों से अधिक नहीं ले जाये जायेंगे ।

(ख) पशुओं को ले जाने वाले प्रत्येक वैगन में कम से कम एक अनुचर रहेगा ।

(ग) पशुओं को इस प्रकार लादा जायेगा कि वे रेल की पटरियों के सामानान्तर रहें और उनका चेहरा एक दूसरे के सामने रहे।

(घ) पुआल जैसी भराई की सामग्री फर्श पर इस प्रकार बिछाई जायेगी कि जब पशु लेटें तब उन्हें कोई चोट न लगे। यह पुआल कम से कम 6 सें० मी० तक मोटी होगी ।

(ङ) यात्रा का राशन वैगन के बीच में रखा जायेगा ।

(च) पर्याप्त संचालन के लिये वैगन की एक तरफ का ऊपरी दरवाजा खुला रखा जायेगा और उचित रूप से बंद होगा तथा वैगन के ऊपरी दरवाजे पर तार की जाली होगी, जिसके छेद इतने छोटे होंगे कि इंजिन से उड़ते हुए जलते हुए कोयले वैगन में न घुस सकें और आग न लग सके ।

(छ) पशुओं के वैगन, रेलगाड़ी के मध्य में जोड़े जाने चाहिये ।

(ज) वैगनों में खाना नहीं बनाया जायेगा और बिना चिमनी की हरीकेन लालटेन भी नहीं जलाई जायेगी ।

(झ) वैगन के प्रत्येक पार्श्व पर दो मजबूत छड़े होनी चाहियें, जिनमें से 60 सें० मी० से 80 सें० मी० की ऊंचाई पर और दूसरी 100 सें० मी० से 110 सें० मी० की ऊंचाई पर होगी ।

(ञ) दुधारू पशुओं का दूध दिन में कम से कम दो बार निकाला जायेगा बछड़ों को पर्याप्त मात्रा में दूध पीने के लिये दिया जायेगा ।

(ट) जहां तक सम्भव होगा, पशुओं को केवल रात ही में ले जाया जायेगा ।

(ठ) यदि सम्भव हो तो दिन के समय उन्हें वाहन से उतारा जाना चाहिये । खाना और पानी दिया जाना चाहिये तथा उन्हें आराम मिलना चाहिये और यदि वे दुधारू हों तो उनका दूध निकाला जाना चाहिये ।

56. यदि पशुओं को माल वाहक यान से ले जाया जाना हो तो निम्नलिखित सावधानी बरती जानी चाहिये अर्थात्:—

(क) विशेष किस्म के टोल बोर्ड और पार्श्वों के चारों और विशेष संयंत्र सहित विशेष रूप से फिट किये गये यानों का उपयोग किया जाना चाहिये ।

(ख) साधारण माल वाहक यानों में फर्श पर नारियल की जटा की चटाई अथवा लकड़ी के बोर्ड जैसी फिसलन रोधी सामग्री बिछाई जायेगी और यदि यान कम ऊंचा हो तो ऊंचाई बढ़ाई जायेगी ।

(ग) माल वाहक यान में छह से अधिक पशु नहीं ले जाये जायेंगे ।

(घ) प्रत्येक माल वाहक यान में एक अनुचर की व्यवस्था रहेगी ।

(क) पशुओं का परिवहन करते समय माल वाहक यान में कोई अन्य माल नहीं लादा जायेगा ।

(ख) पशुओं को डर अथवा चोट से बचाने के लिये विशेष रूप से उनका चेहरा इंजन की ओर होना चाहिये ।

अध्याय 5

अश्वजातीय पशुओं का परिवहन

57. नियम 57 से नियम 63 तक घोड़ों, खच्चरों और गधों के (जिन्हें इसके पश्चात् इन नियमों में अश्वजातीय पशु कहा गया है), रेल, सड़क या समुद्र द्वारा परिवहन करने पर लागू होंगे:—

58. (क) किसी अर्हत पशु चिकित्सक से इस आशय का एक विधिमान्य प्रमाण-पत्र कि अश्वजातीय पशु रेल, सड़क या समुद्र द्वारा यात्रा करने के लिये ठीक दशा में है और वे छूत या संक्रामक रोग या रोगों से पीड़ित नहीं हैं, प्रत्येक परेषण के साथ होगा ।

(ख) ऐसे प्रमाण-पत्र के अभाव में वाहक परिवहनार्थ परेषण को स्वीकार करने से इन्कार कर देगा ।

(ग) यह प्रमाण-पत्र अनुसूची-III में विनिर्दिष्ट प्रारूप में होगा ।

59. (क) प्रत्येक परेषण पर एक लेबल लगा हुआ होगा जिस पर परेषक तथा परेषिती का नाम, पता और टेलीफोन नम्बर (यदि कोई हो), परिवहन किये जा रहे अश्वजातीय पशुओं की संख्या तथा उनकी किस्म और दिये जाने वाले राशन तथा भोजन की मात्रा मोटे लाल अक्षरों में लिखी जायेगी ।

(ख) परेषिती को उस रेलगाड़ी या यान या पोत की जिस में अश्वजातीय पशुओं के परेषण को भेजा जा रहा है, और उसके पहुंचने के समय की पहले से सूचना दी जायेगी ।

(ग) अश्वजातीय पशुओं का परेषण अगली रेलगाड़ी या यान या पोत से बुक किया जायेगा और परेषण को बुकिंग को लिये स्वीकार करने के पश्चात् उसे रोका नहीं जा जायेगा ।

60. (क) गर्भधारी और युवा अश्वजातीय पशुओं को अन्य पशुओं के साथ नहीं मिलाया जायेगा ।

(ख) विभिन्न किस्म के अश्वजातीय पशुओं को अलग अलग रखा जायेगा ।

(ग) अश्वजातीय पशुओं को पर्याप्त खाना और पानी देने के पश्चात् लादा जायेगा। रास्ते के लिये जल की व्यवस्था की जायेगी और पूरी यात्रा के लिये पर्याप्त खाना ले जाया जायेगा ।

(घ) अश्वजातीय पशुओं के सभी समूहों के साथ पशु चिकित्सा प्रथमोपचार उपकरण होंगे ।

(ङ) पर्याप्त संवादन की व्यवस्था की जायेगी ।

(च) अश्वजातीय पशुओं को चढ़ाने तथा उतारने के लिये उचित रैम्पों तथा प्लेटफार्मों का उपयोग किया जायेगा और जहां वे उपलब्ध न हों, वहां उनकी कामचलाऊ व्यवस्था की जायेगी ।

61. अश्वजातीय पशुओं का रेल द्वारा परिवहन करने के लिये निम्नलिखित सावधानी बरती जानी चाहिये ।

(क) अश्वजातीय पशुओं का परिवहन केवल पैसेंजर अथवा मिश्रित रेलगाड़ियों से ही किया जायेगा ।

(ख) परिवहन के लिये उपयोग में लाई जाने वाली साधारण माल वैगन में ब्रॉड गेज पर आठ दस घोड़े या दस खच्चर या दस गधों से अधिक ले जाये जायेंगे, और मीटर गेज पर छह घोड़े या आठ खच्चर या आठ गधों से अधिक नहीं ले जाये जायेंगे ।

(ग) अत्यधिक गर्मी के मौसम में रेल प्राधिकारी तापक्रम कम करने के लिये अश्वजातीय पशुओं के वैगनों पर पानी का छिड़काव करेंगे । यदि किसी अर्हत पशु चिकित्सक ने सिफारिश की है तो वैगन के अन्दर विशेष रूप से बने हुए आधानों में बर्फ की सिल्लियां रखी जायेंगी ।

(घ) यदि किसी वैगन में दो से अधिक अश्वजातीय पशु हों तो उस वैगन में दो अनुचर रहेंगे ।

(ङ) अश्वजातीय पशुओं को इस प्रकार लादा जायेगा कि वे रेल की पटरियों के समान्तर रहें और उनके चेहरे आमने सामने रहें ।

(च) धान की पुआल जैसी भराई की साधनगी फर्श पर इस प्रकार बिछाई जायेगी कि जब पशु जमीन पर लेटें तब उसे कोई चोट न लगे और यह भराई कम से कम 6 सें० मी० मोटी होनी चाहिये ।

(छ) पर्याप्त संवातन की व्यवस्था करने के लिये वैगन की एक तरफ का ऊपरी दरवाजा खुला रखा जायेगा और उचित रूप से बन्द हुआ होगा तथा वैगन के ऊपरी दरवाजे पर जाली होगी, जिसके छेद इतने छोटे होंगे कि इंजन से उड़ते हुए जलते कोयले वैगन में न घुस सकें और आग न लग सके ।

(ज) वैगन के प्रत्येक पार्श्व पर दो मजबूत छड़ें लगी होनी चाहिये जिनमें से एक 60 सें० मी० से 80 सें० मी० की ऊंचाई पर और दूसरी 100 सें० मी० से 110 सें० मी० की ऊंचाई पर लगी होगी ।

62. माल वाहक यान से अश्वजातीय पशुओं का परिवहन करने के लिये निम्नलिखित सावधानियां बरती जानी चाहिये अर्थात्:—

(क) विशेष किस्म के टील बोर्ड और पार्श्वकों के चारों और विशेष भराव सहित विशेष रूप से फिट किये गये यानों का उपयोग किया जायेगा ।

(ख) साधारण माल वाहक यानों में फर्श पर फिसलन रोधी सामग्री बिछाई जायेगी और यदि यान कम ऊंचा हो तो ऊंचाई बढ़ाई जायेगी ।

(ग) पशुओं को गिरने से बचाने के लिये प्रत्येक पशु के बीच कम से कम 8 सें० मी० व्यास के बांस के खम्भे और पीछे की ओर दो मजबूत बटनों की व्यवस्था की जायेगी ।

(घ) घोड़ों को डर अथवा चोट से बचाने के लिये उनके सिर जिस ओर ट्रैफिक जा रहा है उस से दूर बाईं ओर को होंगे ।

(ङ) प्रत्येक वाहन में अधिक से अधिक चार से छह तक अश्वजातीय पशु ले जाये जायेंगे ।

(च) प्रत्येक वाहन में एक अनुचर होगा ।

(छ) इन वाहनों की गति प्रति घण्टा 35 किलोमीटर से अधिक नहीं होगी ।

